**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**
**(अनुभाग–3)**

क्रमांक एफ 4(24)ग्रावि / नरेगा / ईएफएमएस / 11–12 जयपुर, दिनांक : 12 2 JUL 2013

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,
समस्त राजस्थान।

विषयः– **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत नरेगा श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान ईएफएमएस के माध्यम से करने के संबन्ध में।**

संदर्भः– **विभागीय समसंख्यक पत्रांक दिनांक 31.01.2013, 21.02.2013 एवं 01.07.2013**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों द्वारा योजनान्तर्गत श्रमिकों की मजदूरी भुगतान की व्यवस्था ईएफएमएस से ही लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अभी तक यह व्यवस्था सभी पंचायत समितियों में लागू नही हुई है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 15.08.2013 के पश्चात प्रदेश में योजनान्तर्गत श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान केवल ईएफएमएस के माध्यम से ही किया जा सकेगा। पोस्ट ऑफिस में श्रमिकों के खातों में ईएफएमएस के माध्यम से भुगतान किये जाने के संबन्ध में दिनांक 16.07.2013 को राजस्थान परिमण्डल के सभी मुख्य डाकपाल एवं सिस्टम मैनेजर्स की एक कार्यशाला भी इन्दिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित की गई जिसमें पोस्ट ऑफिस खातों में श्रमिक भुगतान ईएफएमएस के माध्यम से किये जाने के संबन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान परिमण्डल द्वारा भी 15 अगस्त, 2013 तक प्रदेश में ईएफएमएस से ही श्रमिक भुगतान किये जाने के संबन्ध में निर्देश दिनांक 18.07.2013 को जारी किये जा चुके है (प्रति संलग्न)।

योजनान्तर्गत 15 अगस्त तक सभी जिलों में ईएफएमएस के माध्यम से ही श्रमिक भुगतान किये जाने हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते है :–

1. श्रमिकों के खातों के मिलान एवं दूरूस्तीकरण का कार्य पंचायत समिति के लेखा कार्मिक द्वारा संबन्धित मुख्य पोस्ट ऑफिस कार्मिकों से सम्पर्क कर किया जायेगा। इसके लिए पंचायत समिति के एम.आई.एस. मैनेजर द्वारा सूची संबन्धित कार्मिक को उपलब्ध करायी जायेगी।
2. लेखा कार्मिक द्वारा मिलान का कार्य पूर्ण कर लिये जाने के उपरान्त श्रमिकों के खातों की पूर्ण सूचना सॉफ्ट / हार्ड कॉपी में संबन्धित पोस्ट ऑफिस से प्राप्त कर ब्लाक एम. आई.एस. मैनेजर को उपलब्ध करायी जायेगी। ब्लाक एम.आई.एस. मैनेजर द्वारा उक्त सूची के अनुरूप खातों को फ्रीज करने का कार्य सम्पादित कराया जायेगा। उक्त कार्य दिनांक 10.08.2013 तक आवश्यक रूप से पूर्ण किया जायेगा।
3. विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी एवं ब्लाक स्तर के लेखाकर्मी ईएफएमएस समय पर लागू किये जाने के लिए संयुक्त रूप से व्यक्तिशः जिम्मेदार होंगे।

4. जिन विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी एवं ब्लाक स्तर के लेखाकर्मी द्वारा डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त नहीं किये गये है, वे सभी निर्धारित तिथि 15 अगस्त, 2013 से पूर्व डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त करने एवं इसे कम्प्यूटर पर इनरॉल किया जाना सुनिश्चित करेगें।

5. जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक खाते फ्रीज किये जाने एवं ईएफएमएस लागू किये जाने की प्रगति की समीक्षा करेगें।

6. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा के स्तर पर डाक विभाग के संबन्धित मण्डल प्रभारी के साथ दिनांक 24.07.2013 को बैठक का आयोजन किया जायेगा एवं इस बैठक में समयबद्व कार्यक्रम अनुसार ईएफएमएस लागू किये जाने के लिए आपसी समन्वय एवं कार्य योजना तैयार की जायेगी। जहॉ डाक विभाग के एक मण्डल में एक से अधिक जिले है, वहॉ अन्य जिलों में यह बैठक 25.07.2013 एवं 26.07.2013 को आयोजित की जायेगी। बैठक की जिलेवार तिथि संलग्न है।

7. उक्त कार्य समयबद्व कार्यक्रम के अनुसार किया जाना अनिवार्य है। 15 अगस्त, 2013 के उपरान्त एम.आई.एस. पर ईएफएमएस से भुगतान के अतिरिक्त अन्य सुविधा उपलब्ध नही होगी। अतः यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि 15 अगस्त, 2013 तक सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे।

भवदीय

**संलग्नः** उपरोक्तानुसार।

(कुलदीप रांका)
आयुक्त एवं शासन सचिव, ईजीएस

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :**

1. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा, राजस्थान एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, समस्त।
2. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रथम, महात्मा गांधी नरेगा राजस्थान जयपुर/जोधपुर।
3. विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति, समस्त राजस्थान।
4. रक्षित पत्रावली।

वित्तीय सलाहकार, ईजीएस

भारतीय डाक विभाग
कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान परिमण्डल, जयपुर-302007

सेवा में,

समस्त प्रवर अधीक्षक /अधीक्षक डाकघर
राजस्थान परिमण्डल

क्रमांक :- एस बी/39-39/स्टेट ऑथोरिटी मिटिंग/2013-14 दिनांक : 18 जुलाई 2013
विषय:- महात्मा गाँधी नरेगा श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान ई.एफ.एम.एस. के माध्यम से करने बाबत् ।

महोदय

उपरोक्त विषय में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि मनरेगा श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान ई.एफ.एम.एस. के माध्यम से करने में आ रही कठिनाइयों के निवारण हेतु दिनांक 16.07.2013 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें परिमण्डल के सभी मुख्य डाकपाल एवं सिस्टम मैनेजरस ने भाग लिया । कार्यशाला को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, राजस्थान सरकार, एन.आई.सी., डाक विभाग, एस.डी.सी. चैन्नई एवं सी.पी.ई.टी. मैसूर के अधिकारियों ने सम्बोधित किया तथा क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों एवं शंकाओं का निराकरण किया गया । साथ ही यह भी तय हुआ कि इस परिमण्डल में 15 अगस्त 2013 के बाद मनरेगा श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान ई.एफ.एम.एस. के माध्यम से ही किया जायेगा ।

इस प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य डाकमहाध्यक्ष ने राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 17.07.2013 को एक बैठक का आयोजन किया । जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिये गये :-

1. डाक विभाग एवं राज्य सरकार द्वारा मनरेगा खातों के सत्यापन हेतु दिनांक 22.07.2013 से 10.08.2013 तक एक विशेष अभियान चलाया जायेगा । डाक विभाग की ओर से मण्डल अधीक्षक, डाक इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होंगे ।
2. जिला कार्यक्रम अधिकारी राज्य सरकार, डाक विभाग के सम्बन्धित मण्डल प्रभारी के साथ दिनांक 24.07.2013 को एक बैठक का आयोजन करेंगे । जहाँ एक मण्डल में एक से अधिक जिले स्थित हैं, वहाँ 25.07.2013 एवं 26.07.2013 को आवश्यकतानुसार बैठक आयोजित की जा सकती है ।
3. जिला कार्यक्रम अधिकारी /विकास अधिकारी सम्बन्धित मुख्य डाकपाल को मनरेगा श्रमिकों की एक सूची सॉफ्ट प्रति में ई-मेल या सी.डी. में उपलब्ध करायेंगे ।
4. मुख्य डाकपाल सूची प्राप्त होने पर अपने रिकॉर्ड से श्रमिक का खाता संख्या, नाम, पता, संचय पोस्ट कोड तथा ई-एम.ओ. कोड का सत्यापन करेंगे ।

5. सभी खातों के सत्यापन के पश्चात् सूची की एक प्रति सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्लॉक विकास अधिकारी को ई–मेल द्वारा प्रेषित करेंगे ।

6. जिला कार्यक्रम अधिकारी /ब्लॉक विकास अधिकारी डाकपाल से सत्यापित प्रति प्राप्त होने के पश्चात् खातों को फ्रिज करेंगे ।

यह एक समयबद्व एवं एक बार में पूर्ण करने वाला कार्य है । अतः समस्त मण्डल अधीक्षक एवं डाकपाल राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण सहयोग एवं समन्वय करेंगे ।

इसकी अनुपालना रिपोर्ट दिनांक 11.08.2013 को शाम 0400 बजे तक लेखाधिकारी (सी.बी.एस.) को भेजना सुनिश्चित करें , जिससे मुख्य डाक महाध्यक्ष को अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा सके ।

भवदीय

सीता त्रिवेदी 18/7/13

लेखाधिकारी आ. जॉ.सा.(ब. बैंक)
कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल
राजस्थान परिमण्डल , जयपुर – 302 007

प्रतिलिपिः–

1. श्री देवराज , वित्तीय सलाहकार मनरेगा , राजस्थान सरकार ।
2. समस्त मुख्य डाकपाल

**Annexure-A**

| Sl. No. | Name of Division | Name of District | Date of meeting |
|---|---|---|---|
| 1. | Kota | Kota<br>Jhalawar<br>Baran | 24.07.2013<br>25.07.2013<br>26.07.2013 |
| 2. | Chittorgarh | Chittorgarh<br>Pratapgarh | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 3. | Dungarpur | Dungarpur<br>Banswara | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 4. | Udaipur | Udaipur<br>Rajsamand | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 5. | Tonk | Tonk<br>Bundi | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 6. | Jaipur (Mfl.) | Jaipur Rural<br>Dausa | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 7. | Sawaimadhopur | Sawaimadhopur<br>Karauli | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 8. | Dholpur | Dholpur<br>Bharatpur (Bayana block) | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 9. | Sriganganagar | Sriganganagar<br>Hanumangarh | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 10. | Jodhpur | Jodhpur<br>Jaisalmer | 24.07.2013<br>25.07.2013 |
| 11. | Sirohi | Sirohi<br>Jalore | 24.07.2013<br>25.07.2013 |

**Annexure-B**

| Sl. No. | Name of Officer | Designation | e-mail id | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Shri D. K. Mistry | SSPOs Alwar | sspoalwar@indiapost.gov.in | 9530390744 |
| 2. | Shri R.S. Meena | SPOs Bharatpur | sspobharatpur@indiapost.gov.in | 9414847195 |
| 3. | Shri Gajanand Sharma | SPOs Dholpur | sspodholpur@indiapost.gov.in | 9785093472 |
| 4. | Shri P.L. Somvanshi | SSPOs Jaipur City | ssposjprcity@yahoo.co.in | 9462804929 |
| 5. | Shri R.A. Sharma | SPOs Jaipur (Mfl.) | spost.jpmfl@gmail.com | 9460929293 |
| 6. | Shri J.M. Jingar | SPOs Sawaimadhopur | sposwm2011@gmail.com | 9414411396 |
| 7. | Shri P.R. Karela | SSPOs Ajmer | sspostajmer@gmail.com | 9413228199 |
| 8. | Shri N.M. Mali | SPOs Beawar | spostbeawar23@gmail.com | 9460613907 |
| 9. | Shri B.M. Bunkar | SPOs Bhilwara | spobhl@gmail.com<br>spobhl@rediffmail.com | 8769092639 |
| 10. | Shri R.S. Shaktawat | SPOs Chittorgarh | spocgr@gmail.com | 9413976475 |
| 11. | Shri D.K. Tripathi | SPOs Dungarpur | spodpr@gmail.com | 9414007995 |
| 12. | Shri D.P. Jain | SSPOs Kota | ssposkota@gmail.com | 9460183282 |
| 13. | Shri B.L. Kumhar | SPOs Tonk | sspotonk@indiapost.gov.in | 9413480906 |
| 14. | Shri S.N. Dave | SSPOs Udaipur | sspoudaipur@gmail.com | 9799608533 |
| 15. | Shri J.S. Gurjar | SPOs Barmer | spobarmer@gmail.com<br>spobarmer@rediffmail.com | 9414533606 |
| 16. | Shri K.L. Saini | SPOs Bikaner | bikanerspo@gmail.com<br>spo_bikaner@rediffmail.com | 9413079456 |
| 17. | Shri Ram Singh | SPOs Churu | spo_churu@rediffmail.com | 9460690361 |
| 18. | Shri S.K. Sharma | SPOs Jhunjhunu | spojhunjhunu@gmail.com<br>spo_jhunjhunu@rediffmail.com | 9950050708 |
| 19. | Shri B.R. Suthar | SSPOs Jodhpur | ssposjodhpur@gmail.com<br>sspo_jodhpur@rediffmail.com | 9414888617 |
| 20. | Shri D.R. Sen | SPOs Nagaur | sponagaur@gmail.com<br>spo_nagaur@rediffmail.com | 9413521185 |
| 21. | Shri S.R. Mei | SPOs Pali | spo_pali@rediffmail.com<br>spopali@rediffmail.com | 9413064951 |
| 22. | Shri P.D. Raigar | SPOs Sikar | spo_sikar@rediffmail.com | 9460965146 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 23. | Shri J.S. Gurjar | SPOs Sirohi | spo_sirohi@rediffmail.com | 9414533606 |
| 24. | Shri G.N. Jogi | SPOs Sriganganagar | sposgr@gmail.com<br>spo_sgnr@rediffmail.com | 9460704271 |